श्री विनोद कुमार सिंह, निदेशक (तकनीकी)

श्री विनोद कुमार सिंह ने 01 मार्च, 2016 को नीपको में निदेशक (तकनीकी) के रूप में कार्यभार संभाला। आपने क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कॉलेज (वर्तमान में एनआईटी) दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल) से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक तथा आईआईटी खडगपुर से एम. टेक (कंट्रोल सिस्टम) किया। नीपको में कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व आप एनएचपीसी में कार्यपालक निदेशक (उत्तराखंड विद्युत केंद्र) के रूप में कार्यरत थे। श्री वी. के. सिंह के पास एनएचपीसी में जल-विद्युत के विकास से संबंधित सभी पहलुओं पर 32 वर्षों से अधिक का अनुभव है। आपने एनएचपीसी के 06 (छः) जल-विद्युत संयंत्रों के इलेक्ट्रो-मैकेनिकल डिजाइन व इंजीनियरिंग का दायित्व भी निभाया है। आप कैनेडियन क्लोवेरेशन के साथ 540 मेगावाट चमेरा - । जल-विद्युत परियोजना (हिमाचल प्रदेश) के निर्माण में 08 वर्षों तक सक्रिय रूप से जुड़े थे।